(a) कोकिला देवी (b) शकुन्तला देवी त्रिवेदी
(c) अंजना देवी चौधरी (d) सत्यवती शर्मा

**Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019**

**Ans. (a) :** अजमेर की कोकिला देवी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थी जिन्हें उनकी गतिविधियों के कारण मेवाड़ एवं बूँदी राज्य से निवार्सित कर दिया। वह एक राजस्थान की ग्रामीण आदिवासी महिला थी जो हिंसा एवं अन्याय का सामना करने वाली अन्य महिलाओं को मदद करने तथा न्याय दिलाने में सहायता करती थी।

**518. कौन से पॉलिटिकल एजेंट जोधपुर में 1857 के विप्लव में मारे गये थे?**

(a) मैक मोसन (b) कर्नल इडन
(c) मेजर शावर्स (d) बर्टन

**Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020**

**Ans. (a) :** 1857 की क्रांति के समय आउवा में जोधपुर स्थित ब्रिटिश पॉलिटिकल एजेंट कैप्टन मैक मोसन की हत्या की गई थी। क्रांतिकारियों ने मैक मोसन का सिर धड़ से अलग करके आउवा किले के मुख्य द्वार पर लटका दिया जो एक प्रकार से क्रांतिकारियों की विजय का प्रतीक था।

**519. नसीराबाद में 1857 की क्रान्ति हुई थी–**

(a) 10 मई को (b) 18 मार्च को
(c) 28 मई को (d) 12 अप्रैल को

**LDC Exam 16.09.2018**
**MVSI-2013**

**Ans. (c) :** राजस्थान में 1857 के विद्रोह की शुरूआत नसीराबाद छावनी में 28 मई, 1857 को बंगाल नेटिव इंफेन्ट्री के सैनिको द्वारा शुरू की गई। 1857 के विद्रोह की शुरूआत 10 मई 1857 को मेरठ छावनी से हुआ था।

**520. राजस्थान में 1857 की क्रान्ति किस स्थान से प्रारंभ हुई?**

(a) नसीराबाद (b) एरिनपुरा
(c) भरतपुर (d) सिरोही

**Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022**
**MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021**
**स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)**
**कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020**
**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018**
**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019**
**MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011**

**Ans. (a) :** राजस्थान में 1857 की क्रान्ति 28 मई, 1857 को नसीराबाद से प्रारम्भ हुई। यहाँ बंगाल नेटिव इन्फैंटरी के सैनिकों व अन्य भारतीय सैनिकों द्वारा विद्रोह किया गया। अन्य सैनिक छावनियों जैसे-नीमच छावनी (3 जून, 1857), देवली छावनी (जून, 1857) एवं एरिनपुरा छावनी (अगस्त, 1857) में विद्रोह हुए।

- खैरवाड़ा व ब्यावर छावनी के सैनिकों ने इस विद्रोह में भाग नहीं लिया।

**521. 1857 की क्रांति के समय धौलपुर का शासक था-**

(a) उदयभान सिंह (b) रामसिंह
(c) कीरत सिंह (d) भगवन्त सिंह

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**

**Ans. (d) :** 1857 की क्रांति के समय धौलपुर के शासक भगवन्त सिंह थे। ये ब्रिटिश हुकूमत के वफादार थे। धौलपुर से क्रांतिकारियों का नेतृत्व ''राव रामचन्द्र व हीरालाल'' ने किया था। क्रांतिकारियों से डरकर राणा भगवन्त सिंह जंगल की ओर भाग गया था। धौलपुर इकलौती रियासत थी, जहाँ पर विद्रोह की बागडोर राज्य के बाहर के क्रांतिकारियों के हाथों में थी।

**522. 1857 के विद्रोह के समय मेवाड़ का पोलिटिकल एजेंट कौन था?**

(a) कप्तान शावर्स (b) मेजर बर्टन
(c) कप्तान जे.डी. हाल (d) मोंक मैसन

**Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022**

**Ans. (a) :** 1857 के विद्रोह के समय मेवाड़ को पोलिटिकल एजेंट कप्तान शावर्स था, तथा इस विद्रोह का नेतृत्व हीरालाल ने किया था। यहाँ पर यह विद्रोह 3 जून 1857 को शुरू हुआ था।

**523. 1857 के विद्रोह के समय राजस्थान को .........ब्रिटिश छावनियों में विभाजित किया गया था।**

(a) 5 (b) 7
(c) 6 (d) 8

**मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)**
**VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III**
**Complier Exam Date-21.08.2016**

**Ans. (c)** 1857 के व्रिद्रोह के समय राजस्थान को कुल 6 ब्रिटिश सैनिक छावनियों में विभाजित किया गया था, जो निम्नवत् है-
(1) नसीराबाद (अजमेर)
(2) एरिनपुरा (पाली)
(3) ब्यावर (अजमेर)
(4) देवली (टोंक)
(5) खेरवाड़ा (उदयपुर)
(6) नीमच (मध्य प्रदेश)
इन छावनियों में से 2 छावनियाँ- ब्यावर व खेरवाड़ा ने 1857 के विद्रोह में भाग नहीं लिया था।

**524. सन् 1817 ई. में किन राज्यों के द्वारा ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधियाँ की थीं?**

(a) मेवाड़, करौली एवं मारवाड़
(b) किशनगढ़, करौली एवं कोटा
(c) धौलपुर, प्रतापगढ़ एवं बीकानेर
(d) जयपुर, सिरोही एवं डूँगरपुर

Ans. (b) : सन 1817 ई. में किशनगढ़, करौली एवं कोटा राज्यों में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधियाँ की थी।

| रियासत | संधिवर्ष | राज्य का शासक |
|---|---|---|
| भरतपुर | 1803 | रणजीत सिंह |
| करौली | 1817 | हरबक्श पाल सिंह |
| कोटा | 1817 | महराव उम्मेद सिंह |
| किशनगढ़ | 1817/ 18 | कल्याण सिंह |
| जोधपुर | 1818 | महाराजा मान सिंह |
| उदयपुर | 1818 | महाराणा भीम सिंह |
| जैसलमेर | 1819 | महारावल मूलराज द्वितीय |